an>

Title: Need to fix the minimum support price of Onion at Rs. 2000/- per quintal.

श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण (दिंडोरी) : माननीय अध्यक्ष जी, प्याज घर में रुलाता है, बाहर रुलाता है, उत्पादकों को रुलाता है, ग्राहकों को रुलाता है और कभी कभी सरकारों को भी रूलाता है, ऐसे प्याज के बारे में मैं सरकार का ध्यान आपके माध्यम से इस महत्वपूर्ण बात की ओर आकर्Âिषत करना चाहता हूं। वैसे तो मैं वर्ष 2004 से टैक्स के बारे में हमेशा इस संसद में सवाल उठाता रहा हूं। भारी बारिश और बाढ़ की वजह से मेरे दिंडोरी क्षेत्र में खेती पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। उसमें 50 प्रतिशत से भी ज्यादा टैक्स का नुकसान हुआ है। एक महीने से मेरे क्षेत्र में और नासिक जिले में प्याज की खरीद पूरी तरह से बंद हुई है। इसलिए वहां किसानों को बहुत नुकसान हुआ है। मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं कि व्यापारियों ने जो प्याज को पूरी भरकर लाने की ककंडीशन लगाई है, उसको खत्म किया जाए और पहले जिस तरह से किसान ट्रॉली में लाते थे, उसको खोला जाए और प्रति किलो किसानों को कम से कम दो रुपया अनुदान दिया जाना चाहिए तथा किसानों को कम से कम 2000 रुपये समर्थन मूल्य देने की घोÂषणा सरकार को शीघ्र से शीघ्र करनी चाहिए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. मनोज राजोरिया, श्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री हरिश्चन्द्र चव्हाण द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।